12/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास और संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्वोत्त्तर राज्यों को भारत की प्रगति का प्रवेश द्वार मानते हैं और केंद्र सरकार प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए काम कर रही है। श्री सिंधिया मेघालय और असम के दो दिवसीय दौरे पर हैं। आज गुवाहाटी के एलबीबीआई हवाई अड्डे पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए श्री सिंधिया ने बताया कि केंद्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के लिए बजटीय आवंटन 24 हजार करोड़ से बढ़ाकर लगभग 82 हजार करोड़ कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर हमारी सदियों पुरानी संस्कृति का भंडार है और केंद्र सरकार **'विकसित भारत'** और **'विकसित पूर्वोत्तर'** के दृष्टिकोण के अनुरूप बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, स्टार्टअप, उद्यमिता और पर्यटन विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

00000000000000

राज्य में हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण सड़क संपर्क में आई गंभीर बाधा को देखते हुए मुख्यंत्री पेमा खाण्डू ने गुरुवार को एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव धर्मेंद्र और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में राज्यभर में बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन किया गया और तत्काल बहाली के प्रयासों की रणनीति बनाई गई।

स्थिति की गंभीरता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने सड़क संपर्क की बहाली विशेष रुप से बाढ़ प्रभावित जिलों में सड़क संपर्क को तेजी से बहाल करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवाओं और सहायता को सुनिश्चित करने के लिए बाढ़ और भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की जल्द बहाली महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कुमे नदी पर पुल सहित परसी पर्लो से कोलोरियांग तक एक महत्वपूर्ण सड़क संपर्क की तत्काल मरम्मत के लिए विशेष धनराशि भी आवंटित की है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रनील चौधरी को अरुणाचल प्रदेश के महाधिवक्ता के रुप में उनकी पुन: नियुक्ति पर हार्दिक बधाई दी है। श्री खाण्डू ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा " मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में हमारे राज्य के कानूनी मामले उत्कृष्टता और अखंडता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचेंगे"। मुख्यमंत्री ने उन्हें इस प्रतिष्ठित भूमिका में उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी।

0000000000000000000

प्रदेश मुख्य सचिव धर्मेंद्र ने गुरुवार को ईटानगर में सिविल सेक्रेटेरियट में नार्को समन्वय केंद्र (एन सी ओ आर डी) की तीसरी राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अरुणाचल प्रदेश में नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिए की जा रही कार्रवाइयों का जायजा लिया गया।

मुख्य सचिव ने कहा कि नशा मुक्त अरुणाचल के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से प्राप्त करने के लिए बैठक में राज्य में बढ़ते नशीली दवाओं के दुरुपयोग के संकट से निपटने के लिए रणनीतियों और उपायों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एन सी बी) से सहयोग मांगा गया है और ईटानगर में एन सी बी का एक क्षेत्रीय  कार्यालय स्थापित करने पर चर्चा भी की गई।

00000000000000000

पाक्के केंसांग जिला पुलिस अधीक्षक तासी दारांग ने गुरुवार को पाके केसांग जिला गांव बुढ़ा संघ के अध्यक्ष अतुंग तोक को नए आपराधिक कानूनों पर पुस्तके भेंट की। एस पी ने कहा कि “गांव बुढ़ा गांव में जमीनी स्तर की न्यायिक प्रणाली है। वे गांव में किसी भी अपराध के मुख्य प्रतिवादी है। वे गांव स्तर के प्रशासन का हिस्सा है। स्थापित कानून और पारंपरिक कानून कुछ संदर्भों में भिन्न है, इसलिए गांव बुढ़ा के लिए स्थापित कानून के नियमों और प्रक्रियाओं को जानना बहुत महत्वपूर्ण है”।

00000000000000000

तवांग जिला पुलिस ने एक बड़ी सफालता प्राप्त करते हुए तवांग नगर में कई इलाकों में छापेमारी करते हुए तीन आदतन तस्करी सहित दस लोगों को ड्रग तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। छापे के दौरा पुलिस ने संदिग्ध हेरोइन से भरी तैतीस प्लास्टिक की शीशिया जब्त की है जिनका वजन अड़तालीस दशमलव आठ ग्राम है और इनकी कीमत करीब एक लाख़ बीस हजार रुपये है। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति से बारह खाली शीशिया, दस सीरिंज, नौ मोबाइल फोन और कुछ नकदी भी बरामद की है, जो बिक्री से प्राप्त होने का संदेह है।

अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह जिला पुलिस द्वारा अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। तवांग पुलिस स्टेशन में एन डी पी एस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

0000000000000000

गैर सरकारी संगठन आम्या ने डी डी एस ई लोहित के साथ मिलकर बम्बूसा लाइब्रेरी में तेजू नगर के शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को संवेदनशील बनाना और उन्हें अपने छात्रों को पर्यावरण -कार्यकर्ता के रुप में ढालने के लिए मार्गदर्शन करना था। कार्यक्रम में उच्च माध्यमिक, माध्यमिक और मिडिल विद्यालयों से चौदह शिक्षकों ने भाग लिया। विप्रो अर्थियन प्रोग्राम से परिचित कराते हुए सस्टेनेबिलिटी एजुकेटर बेथेम मराइ ने विस्तार से बताया कि कैसे विप्रो फाउंडेशन दो हजार ग्यारह से स्कुलों में पर्यावरण शिक्षा का समर्थन कर रहे है। मराई ने कहा कि कार्यशाला शिक्षकों को हमारे आसपास एक बेहतर पर्यावरण के निर्माण के लिए अपने छात्रों को परिवर्तन निर्माता के रुप में ढ़ालने में सक्षम बनाएगी। भारत में पर्यावरण शिक्षा के इतिहास का परिचय देते हुए लोहित यूथ लाइब्रेरी नेटवर्क के समन्वयक एस मुंडायुर ने अस्सी की दशक की शुरुआत से Centre for environment education अहमदाबाद द्वारा किए गए अग्रणीय कार्य की ओर इशारा किया।

0000000000000000

केंद्रीय बल पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। अग्निपथ योजना पर बहस के बीच केंद्रीय बलों ने घोषणा की है कि वे पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे।

सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल जैसे केंद्रीय बलों के प्रमुखों ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा भी नहीं होगी।

0000000000000000000